an>

title: Regarding border fencing along Gujarat-Pakistan Border.

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद) : स्पीकर महोदया, गुजरात से पाकिस्तान की इंटरनेशल बॉर्डर 512 किलोमीटर लंबी है, उसमें 340 किलोमीटर पक्के तारबंदी का निर्माण किया गया है। वहां कई जगह पर तारबंदी गिराई गई है, कई जगह पर जमीन धंसने से वह जर्जर हो गई है और इसकी वजह से उन रास्ते से पाकिस्तानी घुसपैठिए आते हैं। वे ड्रग्स भी लाते हैं और स्मगलिंग भी करते हैं। इसकी वजह से हमारे देश में आतंकवाद के खतरे को बढ़ावा मिलता है। हमारी गुजरात सरकार ने भी कई बार वहां तार और हाईडेन्सिटी सी.सी.टी.वी. कैमरा, जो रात में भी मॉनिटर कर सके, उसके लिए निवेदन किया है, अब मैं आपके माध्यम से भारत सरकार और गृह मंत्रालय से निवेदन करता हूं कि वहां जल्द से जल्द नई तारबंदी की जाये और वहां हाई डेन्सिटी वाले सी.सी.टी.वी. कैमरा, जो रात को भी चले, उसका प्रबंध किया जाये। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री हरीश मीना और श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को डॉ. किरिट पी. सोलंकी द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।